हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



**खबर संक्षेप**



## राष्ट्रपति का विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने किया स्वागत

**रायपुर।** राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर छत्तीसगढ़ की पुण्य धरती पर उनका स्वागत किया। साथ ही प्रदेश के विधानसभा प्रांगण और आदिवासी संस्कृति से रचे-बसे बस्तर में माता दंतेश्वरी के दर्शन के लिए आमंत्रित भी किया।

## बैज बोले- आपराधिक घटनाएं रोकने में सरकार फेल

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य में रोज-रोज घट रही घटनाएं यह साबित करने के लिए पर्याप्त हैं कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनाएं रोकने में सरकार फेल साबित हो रही है। ऐसी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिए। श्री बैज ने कहा, बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। यह सरकार की अकर्मण्यता का नतीजा है। जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाहियों के खिलाफ विद्रोह पर उतर आई है। पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार में एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया, सूरजपुर में अपराधी के घर पर हमला करने गई भीड़ ने एसडीएम को पीटने के लिए दौड़ा दिया, उनको भागकर जान बचानी पड़ी। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया। सीतापुर में पुलिस की लापरवाही के खिलाफ अपराधी पर कार्रवाई की मांग को लेकर जनता ने 24 घंटे चक्काजाम कर दिया था, तब जाकर पुलिस ने कार्रवाई की।

## दिवाली का हवाला देकर नर्सिंग एडमिशन की तारीख एक माह बढ़ाने आईएनएसी को चिट्ठी

**रायपुर।** महीने के अंतिम दिनों में दिवाली का हवाला देकर नर्सिंग एडमिशन की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाने इंडियन नर्सिंग काउंसिल को सिफारिश की गई है। डीएमई ने दिल्ली भेजे गए पत्र में बीएससी नर्सिंग प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक खत्म करने का सुझाव भी दिया है। पत्र में इस बात का उल्लेख भी है कि बीएससी की 65 प्रतिशत सीटें अभी भी खाली हैं। चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा भारतीय नर्सिंग काउंसिल को भेजे गए पत्र में इस बात का जिक्र किया गया है कि नर्सिंग कालेज से जुड़े विभिन्न संगठनों के पत्र के माध्यम से उन्हें बताया है कि बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रथम चरण की काउंसिलिंग के बाद स्वीकृत सीटों के विरुद्ध लगभग 35 प्रतिशत सीटों में ही प्रवेश हो पाया है। निजी नर्सिंग महाविद्यालयों की लगभग 65 प्रतिशत सीटें रिक्त हैं। उन्होंने बताया है कि प्रवेश परीक्षा में सफल हुए 14 हजार से ज्यादा अभ्यार्थियों को कम परसेंटाइल के कारण अपात्र माना गया है।

# प्लेटफार्म पर यात्रियों की मदद के लिए रहेगी 24 घंटे चिकित्सा टीम


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पर्व के नजदीक आते ही रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ एक बार फिर बढ़ चुकी है। सामान्य दिनों में यात्रियों की आवाजाही जहां 50 हजार तक होती है, वह अब एक लाख से अधिक हो चुकी है। भीड़ के कारण यात्रियों को ट्रेन में सफर के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे ने नई व्यवस्था बनाई है।

मंडल रेल प्रशासन से रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टाफ लगाने का फैसला लिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन में दीपावली व छठ पूजा के त्योहार पर 20 रेलवे अधिकारियों ओर 10 मुख्य वाणिज्य निरीक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। यह टीम ट्रेनों में यात्रियों के चढ़ने, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म का उपयोग करते समय सावधानी रखने, लिफ्ट ओवरलोड ना हो, एस्केलेटर का संचालन सही हो, यह सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ सुव्यवस्थित पार्किंग पर निगरानी रखेंगे।

### स्टेशन पर मिलेगी चिकित्सा सहायता

स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा, स्कैनर लगाए गए हैं। अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल की व्यवस्था की गई है। महिला, बुजुर्ग दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। गंभीर चिकित्सा सहायता हेतु स्टेशन पर रेलवे हॉस्पिटल की टीम 24 घंटे उपस्थित रहेगी। यात्रियों के लिए पेयजल एवं खानपान की व्यवस्था स्टेशनों पर उपलब्ध सभी स्टॉल एवं कैटरिंग यूनिटों को निर्देशित किया गया है कि यात्रियों से निर्धारित दरों के अनुसार ही खाद्य सामग्रियों को बेचा जाए।



- अतिरिक्त टीटीई के साथ टिकट बुकिंग करने 10 काउंटर की सुविधा
- दीपावली व छठ पूजा को लेकर रेलवे की विशेष तैयारी, यात्रियों की मदद करने अधिकारियों व वाणिज्य निरीक्षकों की तैनाती

### यात्रियों को असुविधा नहीं होगी

रेल मंडल में दीपावली व छठ पूजा के अवसर पर स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष तैयारी की है। यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होगी।
- **अवधेश कुमार त्रिवेदी**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

### आरक्षित और अनारक्षित के 5-5 काउंटर

टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ न हो, इसलिए आरक्षित और अनारक्षित टिकट काउंटर की संख्या को बढ़ा दिया गया है। टिकट पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया है कि काउंटर पर भीड़ की व्यवस्था की निगरानी रखेंगे। उच्च अधिकारियों व वाणिज्य कंट्रोल को सूचित करेंगे। रायपुर स्टेशन पर 5 आरक्षित टिकट काउंटर व 5 अनारक्षित टिकट काउंटर उपलब्ध रहेंगे। दुर्ग स्टेशन पर 3 अनारक्षित काउंटर एवं 3 आरक्षित काउंटर उपलब्ध रहेंगे।

### टिकट जांच करने अतिरिक्त टिकट जांच स्टाफ

ट्रेन में भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे ने टिकट जांच स्टाफ को बढ़ा दिया है। रायपुर व दुर्ग स्टेशनों के अतिरिक्त भिलाई पावर हाउस, तिल्दा नेवरा, भाटापारा बिल्हा, बालोद स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट जांच स्टाफ को तैनात किया गया है। ट्रेनों में टीटीई को निर्देशित किया गया है कि वह क्राउड मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देंगे। यात्रियों से सौम्य व्यवहार के साथ उन्हें अपने गंतव्य स्टेशन तक की यात्रा कराएंगे।

## सुनील सोनी की नामांकन रैली में भाजपा ने दिखाई ताकत

# सीएम साय बोले- कांग्रेस ने पांच साल प्रदेश को लूटा, अब मोदी की गारंटी पूरी हो रही सांय-सांय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी ने बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन भरा। एकात्म परिसर से निकाली गई रैली में प्रदेश के कई मंत्री, सांसद, विधायक जुटे। नामांकन के बाद घड़ी चौक पर हुई सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को एक मौका दिया था, पर कांग्रेस ने पांच साल तक प्रदेश को लूटने का ही काम किया। अब प्रदेश में भजपा की सरकार है, तो मोदी की गारंटी सांय-सांय पूरी हो रही है। रायपुर दक्षिण भाजपा का गढ़ है। इस सीट से बृजमोहन अग्रवाल 35 साल तक विधायक रहे। बृजमोहन को केंद्र भेजा गया। अब इस सीट से सुनील सोनी चुनाव लड़ रहे हैं। वे एक लाख मतों से जीतेंगे, इसका हमें भरोसा है।

श्री साय ने कहा, प्रदेश सरकार उपचुनाव के बाद आवासीय पट्टा देने का काम करेगी। पट्टा तैयार है, बस चुनाव के होने का इंतजार है। श्री साय ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस के शासन में प्रदेश में भ्रष्टाचार और घोटाला ही हुआ है। कांग्रेस ने 36 वादे किए थे, पर कोई वादा पूरा नहीं किया। अब भाजपा की सरकार में भाजपा अपने किए वादे पूरे कर रही है। लगातार हम मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रहे हैं। श्री साय ने कहा, सुनील सोनी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पूर्व सांसद, रायपुर नगर निगम के महापौर-सभापति रहे, और विभिन्न पदों पर रहकर लंबे समय तक रायपुर की सेवा की है। ऐसे लोकप्रिय श्री सोनी को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। उनको आशीर्वाद देकर विजयी बनाना है।





**साव बोले- नामांकन रैली देखकर कांग्रेसी घबरा रहे :** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, यह दक्षिण विधानसभा का चुनाव एक-एक कार्यकर्ता के लिए बड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। पिछले चुनाव में आप सभी के आशीर्वाद से बृजमोहन अग्रवाल ने जीत का रिकॉर्ड बनाया था और आज हम सभी को मिलकर उस लीड को बरकरार रखते हुए और अधिक मतों से भाजपा को विजयी बनाना है।

### ये रहे उपस्थित

नामांकन रैली और सभा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश सरकार के मंत्री रामविचार नेताम, श्यामबिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, लखनलाल देवांगन, दयाल दास बघेल, विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व रायपुर दक्षिण चुनाव संयोजक शिवरतन शर्मा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी खूबचंद सहित भाजपा के कई नेता उपस्थित थे।

### नामांकन में मुख्यमंत्री रहे साथ

सुनील सोनी के नामांकन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनके साथ रहे। इसी के साथ प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी साथ रहे।

### जीत का नया रिकार्ड बनाएंगे : किरणदेव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, कांग्रेस चाहे जितने दावे-पर-दावे करती रहे, आज इस नामांकन रैली और सभा में उमड़ा जनसमूह यह बता रहा है कि भाजपा रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जीत का नया रिकॉर्ड बनाएगी। श्री देव ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के विधायक कार्यकाल में हुए कार्यों का जिक्र करते हुए उन कार्यों को और बेहतरीन गति प्रदान कर विकास की गंगा बहाने के लिए भाजपा और भाजपा प्रत्याशी श्री सोनी के तत्पर रहने का भरोसा दिलाते हुए श्री देव ने भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

### सुनील ने दिया रायपुर का नया स्वरूप : बृजमोहन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आज रायपुर शहर का जो नया स्वरूप दिखाई देता है, उसकी नींव रखने वाले रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, भाजपा अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के संकल्प और विश्वास के साथ मैदान पर है।

### कांग्रेस ने जनता को लूटा : सोनी

सुनील सोनी ने नामांकन रैली में उमड़ी जनता और कार्यकर्ता की विशाल भीड को धन्यवाद देते हुए कहा, जनता ने कांग्रेस के भूपेश बघेल के पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल को देखा है, उसने छत्तीसगढ़ को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनसे परेशान होकर जनता ने भाजपा को चुना और रायपुर दक्षिण में भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल को 67000 से अधिक मतों से जिताया। बृजमोहन अग्रवाल को भाजपा ने बड़ा दायित्व देकर रायपुर का सांसद बना दिया है और उस क्षेत्र के जनता की सेवा का मौका मुझे दिया है।

## कन्हैया पहुंचे नामांकन भरने, भूपेश-बैज का फोन आने पर लौटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव लड़ चुके कांग्रेस के टिकट के प्रबल दावेदार रहे वरिष्ठ नेता कन्हैया अग्रवाल शुक्रवार को अचानक अपना निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल करने के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे। इसकी जानकारी होने पर राजीव भवन में उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने तत्काल फोन करके उनसे बात की और समझाइश देकर नामांकन करने से रोका। कांग्रेस के दावेदारों में कन्हैया अग्रवाल का नाम भी था। उन्होंने इसके पहले 2018 के विधानसभा चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल को कड़ी टक्कर देने का काम किया था। ऐसे में माना जा रहा था कि पार्टी उनको टिकट दे सकती है। उन्होंने प्रत्याशी तय होने से पहले नामांकन भी ले लिया था। पार्टी ने आकाश शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया, तो इसको लेकर नाराजगी सामने आई। पहले सोशल मीडिया में एक शायरी के माध्यम से श्री अग्रवाल ने अपने मन की बात रखी और अब इसके बाद अचानक वे नामांकन भी दाखिल करने पहुंच गए, लेकिन वरिष्ठ नेताओं के समझाने पर लौटे। श्री अग्रवाल ने हरिभूमि को बताया, नामांकन दाखिल करने मैं जरूर गया था, लेकिन तभी भूपेश बघेल और दीपक बैज ने फोन से बात करके मुझे समझाया कि मैं पार्टी का वरिष्ठ सदस्य हूं, पार्टी के लिए काम करूं। ऐसे में मैंने वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करते हुए नामांकन न करने का फैसला किया और लौट आया। उन्होंने कहा, आकाश शर्मा को लेकर मेरा कोई विरोध नहीं है, वह मेरा छोटा भाई है। श्री अग्रवाल ने कहा, वे जरूर उनका प्रचार करने भी जाएंगे और कांग्रेस की जीत के लिए काम भी करेंगे।

## राष्ट्रपति से मिले भाजपा के पदाधिकारी...



**रायपुर।** भाजपा पदाधिकारियों ने शुक्रवार को राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्यपाल रमन डेका, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक लता उसेंडी सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## छा रहे बादल, आज हल्के रूप से बरसने के आसार

**रायपुर।** चक्रवाती तूफान के असर से राजधानी में आज भी छाए बादलों ने तेज धूप से राहत दिलाई। तूफान का रूप बदलने की वजह से कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। बादलों की वजह से दिन के तापमान में गिरावट आई है, वहीं रात के तापमान में थोड़ी वृद्धि हुई है। बंगाल की खाड़ी में बना तूफान ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के तटीय इलाके तक पहुंच चुका है। धीरे-धीरे इसका स्वरूप बदलेगा और सिस्टम कमजोर होता जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार ठंड के मौसम में बनने वाला यह सिस्टम ज्यादा असरदार नहीं हुआ, क्योंकि अभी बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है।







## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की समस्याएं दूर करने सांसद से की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेजबहार स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की फेस-2 की समस्याओं को लेकर यहां के रहवासी सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर समस्याएं दूर करने की मांग की। रेसीडेंट को-ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने विज्ञप्ति के माध्यम से सांसद श्री अग्रवाल से मांग करते हुए बताया कि कॉलोनी की बॉउंड्रीवॉल जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है, जहां से मवेशी कॉलोनी में प्रवेश कर जाते हैं। साथ ही चोरी का भी डर बना रहता है। इन्हें रोकने के लिए बॉउंड्रीवॉल का निर्माण कराने हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित करें, ताकि कॉलोनीवासी सुरक्षित रह सकें।

## दक्षिण विस उपचुनाव के लिए 46 प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल की प्रक्रिया पूरी हो गई। नामांकन दाखिल के अंतिम दिन शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी सहित अन्य राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।

इस तरह उपचुनाव के लिए कुल 46 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इसके बाद अब 28 अक्टूबर नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी, वहीं 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। नामांकन वापसी के बाद ही यह सुनिश्चित हो पाएगा कि चुनाव मैदान पर कुल कितने प्रत्याशी खड़े रहेंगे, जिनके बीच यह मुकाबला होना है।

### कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन फार्म भरे

नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में भाजपा और कांग्रेस के अलावा कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन फार्म भरे हैं। इस कारण कुल 46 प्रत्याशियों की तुलना में 57 नामांकन फार्म जमा हुए हैं।

### अंतिम दिन इन प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

निर्दलीय से आशीष पांडे, नीरज दुबे, मो. शान अहमद, अब्दुल अजीम, चंद्र प्रकाश कुर्रे, प्रकाश कुमार उरांव, अदनान शाहीद, संतोष वर्मा, जयंत अग्रवाल, रमीज अलमास, मोहम्मद वसीम रिजवी, मो. इरफान खान, सलमान खान, अब्दुल शौकत गनी, रूबीना अंजुम, दीनबंधु गुप्ता, भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी से विक्रम अडवानी, हमर राज पार्टी से मनीष कुमार ठाकुर, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से गोपीचंद साहू, भारतीय जनता पार्टी से सुनील कुमार सोनी, बहुजन मुक्ति पार्टी से कृष्णा चिंचखेडे, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से फरीद मोहम्मद कुरैशी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार से बृजनारायण साहू ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है।

पेज 13 के शेष

### चोरी की नियत...

सीसी टीवी फुटेज में वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें नाबालिग लड़के भी नजर आ रहे थे। नगरवासियों में चर्चा का विषय है कि नाबालिग या युवा सुखे नशे के चपेट में आकर इस तरह के कृत्य को अंजाम दे रहे हैं, जिस पर कार्रवाई आवश्यक है।

### अपोलो संयंत्र के...

आरोपियों से पूछताछ पर सभी आरोपियों द्वारा एक राय होकर, आवेश में संयंत्र मुख्य गेट का रास्ता रोकना स्वीकार किया गया। सभी आरोपियों को उक्त धाराओं के तहत शनिवार को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई है।



हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 गांवों में सुआ नृत्य की धूम, घर-घर पहुंच रही बालिकाओं की टोली



12 बैगलेस डे पर स्कूल में हुआ विभिन्न कार्यक्रम










## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण आज

**सिमगा।** यातायात थाना सिमगा के प्रभारी नरेश कुमार कांगले ने बताया कि आज रविवार 27 अक्टूबर को ग्राम खड़वा में ट्रैक्टर चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर रखा गया है। इसमें यातायात नियमों की जानकारी एवं ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम चिपकाया जावेगा। श्री कांगले ने सिमगा क्षेत्र के सभी ट्रैक्टर मालिकों से अपने ट्रैक्टर चालको सहित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### बाइक की टक्कर से दो लोग घायल

**महासमुंद।** एक्सीडेंट के दो अलग-अलग मामलों में बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पहला मामला ग्राम ताला का है, जिसे लेकर पुलिस ने बताया कि हितेश साहू और उसकी पत्नी ललिनी साहू व पुत्री अवनी साहू (डेढ़ साल) बाइक से कैलाशपुर से ग्राम ताला आ रहे थे। इसी दौरान भिखापाली के पास बाइक एचएफ डीलक्स क्र. सीजी06 जीएच 2427 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर गलत साईड में आकर सामने से उसके मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में हितेश के दाहिने पैर, दाहिने हाथ, उसकी पत्नी ललिनी के दोनों पैर के घुटने व अन्य जगह, पुत्री अवनी के दाहिने पैर के जांघ चेहरा में चोटें आई

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को कुदारीबाहरा के झारू साहू ने बताया कि 25 अक्टूबर की रात रात्रि 8 बजे के आसपास उसके घर के सामने ग्राम कुदारीबाहरा का पंचराम साव द्वारा जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का तथा हंसिया से मारपीट की गई। साथ ही उसकी बहन के साथ भी मारपीट की घटना हुई।

# हाई वोल्टेज करंट से एक की मौत और दूसरा गंभीर

### रेस्टोरेंट की छत पर रखी शराब को अपने साथी के साथ रात के अंधेरे में लाने गया था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सरसीवां से महज 3 किलोमीटर सारंगढ़ रोड के सौमित्र पेट्रोल पंप के सामने कुछ दिनों पूर्व मुन नाइट रेस्टोरेंट होटल खुला था, जहां शनिवार लगभग सुबह 5 बजे के आसपास होटल में काम करने वाले दिलीप टान्डेल रेस्टोरेंट के ऊपर छत पर रखी अवैध शराब को लाने के लिए पहुंचा, जहां वह उच्च विद्युत तार की चपेट में आने से जान गंवा बैठा। सरसीवां पुलिस को घटना स्थल रेस्टोरेंट की छत पर शव के साथ अवैध शराब मिली। मुन नाइट रेस्टोरेंट में काम करने वाला मृतक दिलीप एक गरीब परिवार का है, जहां वह होटल में काम कर अपने परिवार का भरण–पोषण करता था।

विद्युत लाइन के चपेट में आने की सूचना पर बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व सरसीवां थाने के पुलिस स्टाफ घटना स्थल पहुंच कर मुन नाइट रेस्टोरेंट होटल में जांच करने में जुट गए। होटल संचालक द्वारा अवैध शराब बेचे जाने के चक्कर में रेस्टोरेंट में काम करने वाले एक नौकर की उच्च विद्युत लाइन की तार में चिपकने से मौत हो गई, जबकि दूसरा नौकर घायल स्थिति में है, जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसीवां भेजा गया। मुन नाइट रेस्टोरेंट सरसीवां के आउटर में होने से पीने वाले लोगों की भीड़ इस होटल में रहती है और रेस्टोरेंट देर रात तक खुला रहता है।

#### छत पर अंधेरा होने से हाईवोल्टेज तार को देख नहीं पाया युवक



#### पुलिस ने बड़ी मात्र शराब जब्त की

पुलिस ने मृतक दिलीप टान्डेल के शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ भेजा। सरसीवां पुलिस ने रेस्टोरेंट के ऊपर पानी टंकी के पास से दो थैलों में रखी बड़ी मात्र में अवैध शराब को जब्त कर जांच में लिया है। शव के पास रखे दो प्लास्टिक के झोले में गोवा विस्की की 92 पौवा को जब्त कर हॉटल संचालक नेतराज कुर्रे को धारा 34-2 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### 30 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**भटगांव।** पुलिस ने ग्राम जमगहन में छापामार कार्रवाई करते हुए ग्रामीण से 100 पाउच शराब जब्त की। उक्त शराब 30 लीटर थी जिसकी कीमती 3000 रुपए आंकी गई है।पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम पंचायत जमगहन का बिहारी लाल टंडन अपने के आंगन आम पेड़ के पास में अधिक मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री करने छिपाकर रखा है। सूचना पर पहुंचे और मुखबिर के बताएं स्थान पर जाकर रेड पुलिस ने कार्रवाई की। तलाशी लेने पर बिहारी लाल टंडन अपने घर में एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में 100 पाउच महुआ शराब को जब्त किया गया। आरोपी बिहारी लाल पिता परदेशी राम टंडन 46 साल साकिन जमगहन थाना भटगांव के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अर्न्तगत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।



# आरटीई प्रभारी रिश्वत लेते हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर/मुड़पार

शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूलों की क्लेम राशि निकालवाने के एवज में डीईओ कार्यालय सारंगढ़ के आरटीई प्रभारी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।



- स्कूलों की क्लेम राशि निकालवाने के नाम पर 10 हजार मांग रहा था

जानकारी अनुसार प्रार्थी चक्रधर पटेल, ग्राम घथोरा, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर में शिकायत की गई थी कि वह प्राइवेट स्कूल मेनेजमेन्ट एसोसिएशन, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ का जिला उपाध्यक्ष है। एसोसिएशन द्वारा 44 प्राईवेट स्कूलों के सत्र 2023–24 में शिक्षा के अधिकार के तहत दिये गये एडमिशन की क्लेम राशि भुगतान की फाइलें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डीपीआई कार्यालय, रायपुर भेजकर भुगतान कराने हेतु उसे अधिकृत किये जाने पर वह जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय, सारंगढ़ के आरटीई प्रभारी अरूण दुबे (सहायक शिक्षक) से मिला, जहां उसके द्वारा प्रति स्कूल की फाइल भेजने 10 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई।

ऐसे में कार्रवाई से अवैध उगाही करने वाला कर्मचारियों के मन में भय का माहौल बन गया है। वर्षों से पदस्थ कर्मचारियों को इंटर जिला स्थानान्तरण और अन्य स्थानान्तरण के साथ–साथ टेबल परिवर्तन और प्रभार परिवर्तन जैसे कार्य करने पर शासकीय कार्यों में कसावट आयेगी तथा अवैध उगाही और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

#### 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था, अपितु आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन पर शनिवार को ट्रेप आयोजित कर आरोपी अरूण दुबे को जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय, सारंगढ़ में प्रार्थी से कुल राशि की प्रथम किश्त 50 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी अरूण दुबे को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# आधार पत्रक में मिली त्रुटि कटगी सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के ग्राम पंचायत कटगी के सचिव शिव कुमार साहू को निलंबित कर दिया गया है। विदित हो कि जिला पंचायत बलौदाबाजार के सीईओ ने जारी पत्र में कहा कि कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) कसडोल के शिवकुमार साहू सचिव ग्राम पंचायत कटगी द्वारा वार्डों की अधिसूचित सीमाओं से हटकर नवीन वार्ड सीमा निर्धारण कर आधार पत्रक तैयार किया गया है, जिस कारण आधार पत्रक में त्रुटि पाई गई है तथा अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण शिवकुमार साहू सचिव ग्राम पंचायत कटगी को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा




(अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के भाग दो नियम 4 के तहत एतद् द्वारा निलंबित किया जाता है। साथ ही संबंधित सचिव शिवकुमार साहू के निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत कसडोल निर्धारित किया जाता है एवं इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

# चोरी की नीयत से भाजपा नेता के घर घुसा युवक

**पलारी।** शुक्रवार की रात नगर में एक अजीबो गरीब घटना सामने आई हैं। दर असल 20 वर्षीय युवक जीतू चोरी करने इरादे से वार्ड 11 निवासी भाजपा नेता योगेश चन्द्राकर के घर घुस गया, किंतु लाकर और आल्मारी में कुछ भी नहीं मिला, इसके बाद वह किचन में घुसकर फ्रिज से मिठाई निकाल कर सीढी पर बैठकर खाता हुआ सीसी फूटेज में दिखाई पड़ा। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विगत कुछ महीनों के दौरान नगर में चोरी घटना की घटनाओं में वृद्धि हुई है। पूर्व में वार्ड 11 में रेकी कर चोरी करते ▶▶ शेष पेज 12 पर



- सीसी टीवी में हुआ कैद, पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

# अपोलो संयंत्र के मुख्य गेट का रास्ता रोकने वाले पांच युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

थाना हथबंद पुलिस ने अपोलो संयंत्र में अनाधिकृत रूप से मुख्य गेट का रास्ता रोकने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हथबंद पुलिस धारा 126(2), 191(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रार्थी अपोलो प्राइवेट लिमिटेड ग्राम रिंगनी हथबंद मेनगेट इंचार्ज ने थाना हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 अक्टूबर शुक्रवार को आरोपी मनमोहन यादव 34 वर्ष निवासी ग्राम हरदी, शैलेंद्र यादव 26 वर्ष निवासी ग्राम हरदी, कुलेश्वर यादव 22 वर्ष निवासी ग्राम हरदी थाना, बिसाहू राम यादव 45 वर्ष निवासी ग्राम मेड थाना, रवि तिवारी 34 वर्ष निवासी ग्राम केशदा हथबंद द्वारा अनाधिकृत रूप से संयंत्र के मुख्य गेट का रास्ता रोककर एक अति महत्वपूर्ण कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना हथबंद में धारा 126(2), 191(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्रवाई करते हुए आरोपी मनमोहन यादव, रवि तिवारी सहित 5 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। ▶▶ शेष पेज 12 पर




### सहयोग नहीं मिलने की बात कहकर अपना बचाव करते दिखे जिम्मेदार

# यातायात व्यवस्था सुधारने लिया गया निर्णय बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में बिगड़ी यातायात व्यवस्था के चलते दीपावली पर्व के दौरान बाजार में लगने वाले जाम और दुर्घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन, नगरपालिका एवं चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों की बैठक हुई। दो दिन बाद बैठक में लिया गया निर्णय बेअसर दिखाई पड़ रहा है। गौरतलब है कि प्रशासन एवं चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों द्वारा नगर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर वाईट लाइन खिंचने तथा लाइन के बाहर व्यवसायियों द्वारा सामान नहीं रखने की सहमति बनी थी। इसके अलावा प्रशासन एवं यातायात विभाग द्वारा दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों के बाजार क्षेत्र में प्रवेश पर पाबंदी लगाते हुए वाहन पार्किंग स्थल चिंहाकित करने की जानकारी दी गई थी। लेकिन मंडी रोड में सड़क के दोनों किनारों पर खिंची गई लाइन के बाहर दुकानदार 5 से 10 फीट तक कब्जा कर दुकान सजाकर कारोबार कर रहे हैं। वहीं बाजार क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती नहीं होने से वाहनों के प्रवेश पर लगाई गई पाबंदी बेअसर दिखाई पड़ी। दिवाली पर्व के कारण बाजार में उमड़ी भीड़ से सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल होने से विशेष रूप से महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं भीड़ के बावजूद दुपहिया और चार पहिया वाहनों के मंडी रोड में प्रवेश करने के दौरान कुछ वाहनों के आपस में टकराने से वाद–विवाद की स्थिति भी निर्मित होने से किसी भी क्षण कोई अप्रिय वारदात होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में जब नगर के यातायात थाना में पदस्थ अधिकारी से जानकारी लेने मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसिव ही नहीं किया।



#### नगरपालिका और पुलिस विभाग जिम्मेदार

जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों की बैठक में लिये गये निर्णय का व्यवसायियों द्वारा पालन नहीं किये जाने के संबंध में जब चेम्बर के अध्यक्ष जुगल भट्टर को पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नगरपालिका और पुलिस विभाग जिम्मेदार है। चेम्बर की ओर से व्यवसायियों को लिए गये निर्णय की जानकारी दे दी गई है। यदि कोई व्यवसायी नियम का पालन और सहयोग नहीं कर रहा है तो उसके खिलाफ नगरपालिका और यातायात विभाग को कार्रर्वा करनी चाहिए।

#### जल्द शुरू की जायेगी कार्रवाई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई ने कहा चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों और प्रशासन की मौजूदगी में लिये गये निर्णय के अनुसार व्यस्त व्यवसायिक क्षेत्र मंड़ी रोड, नेहरू चौक मार्ग, गांधी चौक मार्ग सहित सभी अन्य व्यवसायिक क्षेत्रों में सड़क के दोनों ओर वाइट लाइन खिंचने का कार्य किया जा रहा है। यातायात विभाग द्वारा पुलिस बल की तैनाती नहीं की गई है। शनिवार एवं रविवार को अवकाश होने के कारण कार्रवाई में व्यवधान आया है। जल्द ही यातायात बाधित करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की शुरूवात की जावेगी।

### रेत का अवैध परिवहन करते 7 ट्रैक्टर जब्त

**महासमुंद।** रेत के अवैध परिवहन करने वालों के विरुद्ध कठोर एवं सतत कार्रवाई करने के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश के तहत उमेश कुमार साहू एसडीएम बाग़बाहरा के मार्गदर्शन में शनिवार 26 अक्टूबर को सुबह 7 बजे तहसील कोमाखान अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में 7 ट्रैक्टरों को जब्त किया।

कांदाजरी नदी में तहसीलदार कोमाखान हरीश ध्रुव ने औचक छापेमार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन करते 7 ट्रैक्टर को मौके में जब्त कर थाना प्रभारी कोमाखान को सुपुर्द किया गया। कलेक्टर के आदेशानुसार बागबाहरा एवं कोमाखान तहसील में खनिज के अवैध खनन और परिवहन पर लगातार कठोर कार्रवाई किया जाएगा।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# गांवों में सुआ नृत्य की धूम, घर-घर पहुंच रहीं बालिकाओं की टोली



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी

दीपावली पर्व पर अंचल में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ गीत नृत्य की धूम मची है। सप्ताहभर पूर्व से सुआ नर्तक दल नृत्य और मनमोहक गीत से आशीष देने पहुंच रहे हैं। इन दिनों छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों की सुआ नर्तक टोली गांव व बड़े कस्बा में लोगों के घर आंगन, दुकानों में नृत्य कर आशीष देती नजर आ रही हैं। सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की परंपराओं में से एक महत्वपूर्ण नृत्य है। पर्व विशेष को लेकर छोटी–छोटी बालिकाएं साड़ी पहनकर सुआ नृत्य करने पहुंच रही हैं। दिलेश्वर मढ़रिया ने बताया आस–पास गांव से आ रही सुआ नृत्य की टोली बैंड बाजा पेटी के साथ पहुंच रही हैं। नृत्य देखने के लिए बच्चों की भीड़ एकत्रित होती है। सुआ नृत्य के लिए बच्चियों के अलावा महिलाओं का समूह भी हिस्सा ले रहा है। गीत गाकर और ताली बजाकर नृत्य करती हैं। गांवों में यह प्रथा अब भी कायम है। महिलाएं गांव के देवी मंदिर, कुल देवी व धार्मिक स्थल, घर के सामने और आंगन में नृत्य प्रस्तुत करती हैं। त्योहार की खुशी जाहिर करने की यह एक परंपरा है, जिसमें लोग अपनी क्षमतानुसार रुपए, अनाज, उपहार देते हैं, इसके बाद ये टोली उन्हें गीतों के माध्यम से आशीष देती हैं।

## दीपावली पर्व पर बच्चों को दिया गया उपहार

**बगबुड़ा।** शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट में अवकाश लगने के पूर्व शनिवार को दीपावली पर्व मनाया गया। बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता, पूजा थाली सजाओ, तोरण बनाने की प्रतियोगिता के साथ सुवा नृत्य, राउत नृत्य का आयोजन किया गया। बच्चों ने सुवा, राउत नृत्य प्रस्तुत किया। शाला परिवार की पैकरा मैडम, साहू मैडम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पार्वती ध्रुव ने सुवा नृत्य में छात्राओं के साथ सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विजेताओं को संकुल समन्वयक पैकरा जी द्वारा पुरस्कार में पेन और 200 रूपये प्रदान किया। सभी बच्चों और शिक्षकों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने फुलझड़ी जलाकर शाला में सामूहिक रूप से दिवाली का आनंद लेने के साथ एक दूसरे को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सभी बच्चों को शाला परिवार की शिक्षक शिक्षिका सुनीता साहू, कान्हा साहू द्वारा फुलझड़ी के साथ छात्राओं को मेंहदी कोण दिया, जिसे पाकर बच्चे प्रफुल्लित हुए।



## खबर संक्षेप

### ग्रीन सफायर के अध्यक्ष बने अवस्थी, राठी उपाध्यक्ष



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित सफायर ग्रीन कॉलोनी में सफायर विला कैंपस समिति का चुनाव, समिति के ऑफिस क्लब हाउस में को-ऑपरेटिव सोसाइटी से निधि पांडे एवं निर्वाचन से सुमित की उपस्थिति में निर्विरोध एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जहां दिनेश अवस्थी को अध्यक्ष एवं संजय राठी को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव राजीव जैन, कोषाध्यक्ष सारिका गुप्ता, संयुक्त उपाध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, संयुक्त सचिव लव बंसल को चुना गया। एसके पाठक,विजय दुआ,नरेश मलंग एवं तारिणी वर्मा को सदस्य के रूप में चुना गया।

### 'एक अच्छा काम' की पहल दृष्टिबाधितों को भेंट की सामग्री



**रायपुर।** युवा समाजसेवी हर्षित सिंघानिया ने अपनी सामाजिक पहल 'एक अच्छा काम' के तहत हीरापुर स्थित प्रेरणा ब्लाइंड स्कूल का दौरा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित बच्चियों के साथ समय बिताना और उनकी जरूरतों को समझना था। इस दौरान हर्षित ने बच्चियों को स्नैक्स बॉक्स भेंट किए और उनके साथ आत्मीय बातचीत की। स्कूल की वार्डन ने बताया कि स्कूल का पुराना फर्नीचर बहुत खराब स्थिति में है, जिससे बच्चियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर हर्षित ने तुरंत नया फर्नीचर दिलवाने का वादा किया, ताकि बच्चियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में हर्षित के पिता सुबोध सिंघानिया और सिंघानिया ग्रुप के निदेशक विशाल देशपांडे भी मौजूद थे।
, जिन्होंने इस सामाजिक कार्य की सराहना की। हर्षित सिंघानिया का 'एक अच्छा काम' अभियान समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इस पहल ने न केवल बच्चियों के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर बदमाश ने पलट दिया गुपचुप ठेल

**रायपुर।** टिकरापारा थाने की पुलिस ने शराब पीने पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला करने, धमकी देने तथा गुपचुप ठेला पलटने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश द्वारा ठेला पलटने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस के मुताबिक दीपक पाल की शिकायत पर अजय उर्फ अज्जू नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। दीपक ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को वह मोतीनगर स्थित अपने घर से गुपचुप बेचने के लिए निकला था। रास्ते में उसे अजय मिला और शराब पीने पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर अजय ने दीपक को चाकू मारने की धमकी देते हुए जेब से चाकू निकालकर मारने के लिए दौड़ाया। इस दौरान दीपक ने दौड़कर अपनी जान बचाई। दीपक पर चाकू से हमला नहीं कर पाने से हताश अजय ने बदला लेने दीपक का गुपचुप ठेला पलटा दिया। इस दौरान किसी ने ठेला पलटाने का मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

### महाविद्यालय में समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर आयोजित की गई कार्यशाला

# आदिवासी समाज का गौरवशाली है इतिहास



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर भारत सरकार द्वारा जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेंद्र ध्रुवंशी प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोनारी तथा जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, मुख्य वक्ता रुद्र कुमार चंद्रवंशी सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्राचार्य डॉ. एके उपाध्यक्ष उपस्थित थे। मुख्य वक्ता ने कहा भारत की विशिष्ट संस्कृति का श्रेय आदिवासियों को जाता है।

सिकंदर समेत जितने भी आक्रमणकारी थे, सबसे पहले आदिवासियों से ही टकराए, अंग्रेजों ने भ्रम फैलाया की आदिवासी पिछड़े हुए हैं और उनमें ज्ञान की कमी है, क्योंकि अंग्रेज भारतीयों को शक्ति से नहीं हरा सकते थे। इसलिए विचारों के माध्यम से कुंणित करने का प्रयास किया। प्राचार्य डॉ. एके उपाध्यक्ष ने जनजाति समाज की वर्तमान में उपलब्धि पर अपना विचार प्रकट किया तथा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा जनजाति संस्कृति को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक वीरेंद्र खरे ने किया। इस अवसर पर तुलसी पर सहा. प्राध्यापक आत्माराम वर्मा, एल एन जलहरे, कमल देवांगन, ईशाग्या मेश्राम, नरेंद्र शर्मा समस्त अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

## कॉलेज में हुआ जनजातीय समाज का ऐतिहासिक व सामाजिक स्मृति समारोह

**भटगांव।** शासकीय आरएनएम महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक व आध्यात्मिक योगदान स्मृति समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के डॉ. वेद प्रकाश सिंह शोध प्रमुख, जनजातीय अनुसंधान एवं अध्ययन केन्द्र रायपुर तथा अतिथिगण रोहित सिदार सर्व आदिवासी समाज ब्लाक बिलाईगढ़, राजेश सिदार पार्षद नगर पंचायत भटगांव एवं प्राचार्य एसके शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हेमेश्वर चन्द्रा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। मुख्य वक्ता ने जनजातीय समाज के उद्भव व विकास को विस्तार से रेखांकित करते हुए भारत में हुए जनजातीय समाज के गौरव रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह सहित देश के अनेक जनजातीय वीर सपूतों के जीवनगाथा का वर्णन किया। जनजातीय संस्कृति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुदर्शन सिदार, जागेश्वर सिदार, सूर्या मिरी, ओंकार सिंह, ईशा वैष्णव, संजना बघेल, चंचल देवांगन, प्रतिमा जायसवाल, देविका आदित्य, कृष्ण पटेल ने मंचीय प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में केलेश्वर सिंह, सोनसाय भारद्वाज, आरके साहू एवं डॉ. केके पटेल ने प्रमुख भूमिका निभाया। कार्यक्रम का संचालन आरके साहू तथा आभार प्रदर्शन डॉ. गिरीश वैष्णव ग्रंथपाल ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानीत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



## शैक्षणिक भ्रमण के लिए सिमगा थाना पहुंचीं छात्राएं



**सिमगा।** स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा की छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ शनिवार को थाना में होने वाले कार्यों की बेसिक जानकारी के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर थाना पहुंची। इसमें थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे ने थाना प्रभारी कक्ष, मुंशी कक्ष, विवेचक कक्ष, महिला एवं पुरुष बंदी गृह दिखाया। साथ ही सायबर संबंधी अपराध से बचने एवं जागरूक रहने, बैड टच, गुड टच, यातायात नियमों एवं नवीन कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा से आये सभी छात्राएं काफी प्रसन्न नजर आए। इस दौरान कई छात्राओं ने पुलिस एवं न्यायालय संबंधी कार्य, विभिन्न अपराध में सजा आदि से संबंधित सवाल पूछे, जिसमें थाना स्टाफ ने सरल रूप में जवाब देकर छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। उक्त भ्रमण में शिक्षक ज्योति सेन, श्रद्धा यादव, दिलेश्वरी धृतलहरे, गीता लहरे, नवीन वर्मा आदि मौजूद थे।

## उप मुख्यमंत्री साव ने किया भूमि पूजन...



खरोरा। नायकटाड से खरोरा शहर तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का शनिवार को उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भूमि पूजन किया। 1.95 करोड़ रूपये की लागत से गौरवपथ का भूमि पूजन करते हुए उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवगमन की सुविधा मिलने के साथ पूरे धरसींवा विधानसभा क्षेत्र का विकास होगा। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी देते हुए अन्य विकास कार्य के लिए राशि की मांग रखी। कार्यक्रम के पूर्व पौनी पसरी, नाली निर्माण, हाट बाजार व सामुदायिक भवन का श्री साव ने लोकार्पण किया।

## सरयू साहित्य परिषद ने शुरू किया ऐतिहासिक स्थलों का दर्शन वंदन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

सरयू साहित्य ने ऐतिहासिक स्थल वंदन का आव्हान करते हुए इसका शुभारंभ सिरपुर दर्शन वंदन से प्रारंभ किया। विदित हो कि समय-समय पर विभिन्न रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से समाज में रचनात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील सरयू साहित्य परिषद द्वारा ऐतिहासिकता के महत्व को निरूपित करते हुए एक नये अभियान का श्रीगणेश किया गया है, इसके तहत ऐतिहासिक स्थलों के वंदन एवं दर्शन की रुपरेखा रखी जा रही है। जिसका उद्देश्य है अतीत के गौरवशाली एवं समृद्ध स्थलों का दर्शन एवं प्रेरणा का ग्रहण तथा जनमानस के बीच स्थलों की भव्यता एवं दिव्यता का प्रसारण, जिसका आरंभ सिरपुर से किया गया।



### सिरपुर दर्शन से अभियान का शुभारंभ

ऐतिहासिक स्थल दर्शन वंदन अभियान के संबंध में सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा ने चर्चा में बताया गया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा क्षेत्र के विभिन्न ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के दर्शन एवं वहां से जुड़े तथ्यों के अध्ययन के साथ ही उक्त अध्ययन को साहित्य का रूप प्रदान किया जाएगा तथा जन-जन में उक्त स्थलों के प्रेरणादायी महत्वों को प्रसारित किया जाएगा।



## हवन के साथ संपन्न हुई भागवत कथा

**कसडोल।** स्थानीय मंगल भवन में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन हवन एवं सहस्त्र धारा के साथ हुआ। ज्ञात हो कि मंगल भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य सागर मिश्रा ने 9 दिनों तक श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य रसपान कराया। जिससे श्रोतागण आनंदित हुए। कथा के अंतिम दिन उपस्थित श्रोताओं को सागर मिश्रा द्वारा श्री कृष्ण भगवान द्वारा अर्जुन को दिए गए दिव्य गीता के उपदेश का श्रवण पान कराया। तत्पश्चात हवन, सहस्त्र धारा एवं भोग भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कसडोल नगर सहित आस पास गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




### बच्चों ने सामूहिक रूप से राऊत नाचा, सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी

# बैगलेस डे पर स्कूल में हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में सुरक्षित शनिवार, बैगलेस डे, दिवाली त्यौहार के पूर्व शाला में अनेक प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा बॉटलों को विभिन्न रंगों से सजाया गया। कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं ने दिया की सजावट कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कक्षा पांचवी के छात्र कुमारी साक्षी, दीपिका, अंशु ने रंगोली से सुन्दर आकृति बनाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। सुन्दर आकर्षित वेशभूषा से सुसज्जित कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों ने सामूहिक रूप से राऊत नाचा, सुवा नृत्य का प्रस्तुतीकरण कर सबका मन आनन्दित कर दिया।



### छात्रों को दी गई भूकंप के कारण और बचाव की जानकारी

खरोरा। सुरक्षा कार्यक्रम के तहत छात्रों को भूकंप का कारण और उसके बचाव की जानकारी शिक्षक ने दी। शाला प्रमुख मनहरण वर्मा एवं शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि जब धरती जोरों से हिलती है या कम्पन होती है, तो उन्हें भूकम्प कहते हैं। भूकम्प भूगर्भीय अन्ध्रुनी संरचनओं के परिवर्तन होने के कारण आता है। भूकम्प के झटके से इमारत, भवन, स्कूल, अस्पताल, बिजली के खंभे, शीशे, खिड़की, दरवाजे, दीवार जैसी चीजें गिर सकती है, उससे दूर रहे। भूकम्प से बचने के लिए हमें जब तक भूकम्प के झटके ना रुके तथा बाहर जाना सुरक्षित न हो तब तक अंदर रुके रहे। अपने आप को तथा अन्य लोगों के बचाव के लिए हमें खुली जगह पर रुकना चाहिए। जब तक भूकंप के झटके ना रुके हमें घर के अंदर नहीं जाना चाहिए।

